हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री





# बारिश में जतमई वाटरफाल का सौंदर्य निखरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले में स्थित जतमाई वॉटरफॉल पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन गया है। यह झरना घने जंगलों के बीच स्थित है, जो शहर के शोरगुल से दूर एक शांत और मनमोहक वातावरण प्रदान करता है। रविवार की छुट्टी के दिन यहां छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं और झरने की प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ़ उठा रहे हैं। दूर-दराज से आए पर्यटक ठंडी फुहारों के बीच जमकर मस्ती कर रहे हैं और प्रकृति की इस अनमोल देन का अनुभव कर रहे हैं। जतमाई स्थल पर माता जतमाई मंदिर भी स्थित है, जहां श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। लोग यहां आकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। हर साल लाखों श्रद्धालु सैर-सपाटा करने के साथ-साथ माता जतमाई के दर्शन भी करते हैं।

## पर्यटक सैर-सपाटा और पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे

### कैसे पहुंचें जतमाई वॉटरफॉल?

जतमाई वॉटरफॉल तक पहुंचने के लिए रायपुर से गरियाबंद मार्ग होते हुए कोपरा-पांडुका के रास्ते आना होता है। कोपरा से आप भेंडरी और कुरूद होते हुए सीधे जतमाई स्थल पहुंच सकते हैं। इसके अलावा, पांडुका से भी कुरूद मार्ग से जतमाई जाया जा सकता है।



### पर्यटकों के अनुभव

धमतरी से आए राघवेंद्र कुमार ने जतमाई वॉटरफॉल की ख़ूबसूरती की तारीफ़ करते हुए कहा की यहां की सुंदरता दिल को बहुत सुकून देती है। जंगल के बीच झरनों में नहाने का आनंद ही गजब का अनुभव रहा। भिलाई के दुर्गेश ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा नेचर के बीच इस आकर्षक झरने की ख़ूबसूरती ऐसी है कि दिनभर निहारते रहने का मन करता है।






## खबर संक्षेप



### 52 लीटर महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**छुरा।** गरियाबंद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नया सवेरा विशेष अभियान के तहत अवैध शराब और अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में, पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के मार्गदर्शन में, छुरा थाना प्रभारी और उनके स्टाफ ने अवैध शराब बेचने और पिलाने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। इस अभियान के अंतर्गत, पुलिस ने अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले **धनेश्वर सिंह ठाकुर (उम्र 39 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। धनेश्वर सिंह ठाकुर, निवासी कोकनाझर, वार्ड नंबर 08, थाना महासमुंद, जिला महासमुंद (छत्तीसगढ़), जो वर्तमान में ग्राम मडेली, थाना छुरा, जिला गरियाबंद में रहता है, उसके खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 52 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 10,400 रुपये है। आरोपी का कृत्य आबकारी एक्ट का उल्लंघन पाए जाने पर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि नया सवेरा अभियान लगातार जारी रहेगा और नशे के खिलाफ यह मुहिम दृढ़ता से चलाई जाएगी। इस कार्रवाई में छुरा थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### दूध पर प्रति लीटर सात रुपए की वृद्धि

**महासमुंद।** दुग्ध व्यवसाय संघ एवं होटल व्यवसायी संघ के संयुक्त बैठक में दुग्ध व्यवसाय संघ द्वारा मांग रख प्रति लीटर सात रुपए वृद्धि का निर्णय लिया गया, जो 20 जुलाई से लागू हो गई। होटल व्यवसाई संघ के अध्यक्ष हेमंत बघेल, सचिव भाऊ राम साहू का कहना है कि दूध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश में महासमुंद अव्वल दर्जे पर है। बावजूद साल दर साल अप्रत्याशित वृद्धि आने वाले समय पर जनता के जेब पर भार बढ़ाने वाला है। प्रति लीटर सात रुपए की वृद्धि से मिठाई, दूध, दही, पनीर, खोवा, चाय, लस्सी पर मूल्य वृद्धि लाजिमी है। आने वाले समय पर व्यवसाय पर इसका विपरीत प्रभाव देखने को मिल सकता है। होटल व्यवसाय संघ के अध्यक्ष हेमंत, सचिव भाऊ राम साहू, उपाध्यक्ष नेमीचंद सोनी, पदाधिकारी मनीष जैन, पप्पू साहू, मोती सिंह राजपुरोहित, कान्हा, सुंदर साहू, शशि जैन, नेमीचंद, चेतन राठौड़ सहित मिठाई कारोबारियों ने कहा है कि महंगाई का असर गुणवत्ता पर नहीं पड़ेगा।

## हादसा : चार माह पहले दर्जन भर मवेशियों को रौंद कर ट्रक चालक हुआ था फरार

# आए दिन हाईवे पर हो रही मवेशियों की मौत, शासन-प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर तहसील मुख्यालय और नेशनल हाईवे 130 सी (मैनपुर-देवभोग-गरियाबंद मार्ग) पर खुले में घूम रहे मवेशी लगातार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। एक ओर जहाँ इन मवेशियों के कारण लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मवेशी भी वाहनों की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं। इस गंभीर समस्या के समाधान के प्रति शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रविवार सुबह 11 बजे धवलपुर के पास दो मवेशियों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी और भाग गया। वहीं, झरियाबाहरा के पास दो मवेशी आपस में लड़ते हुए सड़क पर दौड़ पड़े, जिससे मोटर साइकिल पर सवार भाई-बहन गिरकर घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

नगर और क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि मवेशी खुले में घूम रहे हैं और मवेशी मालिकों द्वारा उन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण जहां लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, वहीं मवेशी भी ▸▸|शेष पेज 9 पर



### मवेशियों में रेडियम पट्टी लगाने की मांग

खेती-किसानी शुरू होते ही फसल सुरक्षा को लेकर किसान भी परेशान हैं। नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में नवागढ़, धवलपुर, गौरघाट, मैनपुर नगर, झरियाबाहरा, इंदागाँव के आसपास शाम होते ही मवेशियों का जमवाड़ा सड़क पर दिखाई देता है, जो दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है। मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए कोई ठोस कार्य योजना भी नहीं दिखाई दे रही है, जिसके कारण लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। मवेशियों में रेडियम पट्टी लगाने की मांग लंबे समय से की जा रही है, ताकि रात के समय वे दिखाई दें और दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### 24 घंटे खतरा, किसानों की भी बढ़ी चिंता

इन दिनों नेशनल हाईवे 130 सी पर मैनपुर नगर, गौरघाट, धवलपुर, नवागढ़ और झरियाबाहरा के पास सड़क पर 24 घंटे मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। रात को ये मवेशी सड़क पर बैठे रहते हैं, जिससे भारी वाहनों और वाहन चालकों के साथ हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। कई बार दुर्घटनाएं घट भी चुकी हैं। कई मवेशी मालिक अपने मवेशियों को घर में सुरक्षित नहीं रखते और उन्हें छोड़ देते हैं। ऐसे पालतू मवेशी आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। मवेशियों को सुरक्षित रखने की अब तक कोई योजना दिखाई नहीं दे रही है। सड़क सुरक्षा के नाम पर कभी-कभी मवेशियों को सड़क से खदेड़ा जाता है, लेकिन यह कोई स्थायी समाधान नहीं है। ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस केवल कागजों में संचालित हो रहे हैं, जबकि मवेशियों के लिए भोजन, पानी और चारे की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

# स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संविदा शिक्षकों ने दिया धरना

## नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में कार्यरत संविदा शिक्षक और कर्मचारियों ने रविवार को गांधी मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने वेतनमान वृद्धि और नियमितीकरण की अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। धरने में जिले के करीब 129 संविदा शिक्षक-कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे वर्ष 2020 से आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत हैं और इन स्कूलों की सफलता में उनकी अहम भूमिका है। इसके बावजूद, उन्हें न तो स्थायी दर्जा मिला है और न ही उचित वेतनमान।

संघ के अध्यक्ष प्रीतम साहू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पिछले पांच साल से उन्हें एक ही वेतन मिल रहा है, जो उनकी योग्यता और अनुभव के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा की महंगाई के इस दौर में यह वेतन पूरी तरह से अपर्याप्त है। हमें नियमित शिक्षकों जैसी सुविधाएँ भी नहीं मिलतीं। सरकार को चाहिए कि वह वार्षिक वेतन वृद्धि की नीति लागू करे और कार्यभार के अनुसार वेतनमान सुनिश्चित करे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शक्ति कुमार खरे ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों के संविदा शिक्षकों को शिक्षा विभाग में समाहित कर उनकी सेवाएँ नियमित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व शिक्षा मंत्री और वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी संविलयन की बात कह चुके हैं। वर्तमान में ▸▸|शेष पेज 9 पर

# सड़क किनारे बिजली के पोल दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों सड़क किनारे बिजली के पोल लगाया जा रहा है जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बड़ गई है। ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गौरघाट एवं मैनपुर बरदुला मार्ग में सड़क किनारे सड़क से एकदम चिपकाकर बिजली का पोल लगाया जा रहा है स्थानीय लोगों ने मांग किया है कि भविष्य में होने वाली परेशानी एवं दुर्घटना को देखते हुए सड़क किनारे से थोड़ा दूर हटाकर बिजली के खंम्भे को लगाया जाए जिससे आने वाले समय में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े अभी सिर्फ खम्भे लगाने का कार्य चल रहा है तार नहीं खिंचा गया है इसलिए समय रहते सड़क किनारे से खम्भे को थोड़ा हटाने की मांग क्षेत्र के लोगों ने किया है।






# जिले की 4 बेटियों ने 14 हजार फीट ऊंची हमटा चोटी पर फहराया तिरंगा

**पांडुका।** गरियाबंद जिले की चार साहसी बेटियों ने हिमाचल प्रदेश की 14,000 फीट ऊंची दुर्गम हमटा चोटी पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराकर जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रेरणादायक उपलब्धि के लिए जिला पंचायत ने इन बेटियों को सम्मानित किया। पोड़ गाँव की कुमारी अम्बा तारक, खिलेश्वरी कश्यप, कोमिता साहू और गरियाबंद की कनक लता को जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने पर्वतारोहण में उनके अदम्य साहसिक कार्य के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। यह सम्मान इन बेटियों को पर्वतारोहण में अपनी प्रतिभा और साहस का प्रदर्शन करने और गरियाबंद जिले का नाम गौरवान्वित करने के लिए दिया गया। इस अवसर पर जिला ▸▸|शेष पेज 9 पर

- पोड़ के बेटियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से किया सम्मानित

# बस की चपेट में आने से भुंजिया महिला का पैर टूटा, आयुष्मान कार्ड बना सहारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहझर में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहाँ बस की चपेट में आने से विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति की महिला जगोतीन बाई का पैर टूट गया। शुरुआती तौर पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन वहाँ समुचित इलाज की सुविधा नहीं मिल पाने के कारण परिजनों को एक निजी अस्पताल का रुख करना पड़ा।

इस दौरान जगोतीन बाई के परिजनों को इलाज के लिए काफी नकदी खर्च करनी पड़ी और कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएँ न होने के कारण निजी अस्पतालों का सहारा लेना, विशेषकर गरीब वर्ग के लिए, बेहद कठिन साबित हुआ।



जब इस घटना की जानकारी एक समाजसेवी को मिली, तो उन्होंने तुरंत हस्तक्षेप किया। समाजसेवी ने मरीज की पूरी जानकारी जुटाई और रायपुर के गुडविल हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड के ज़रिए जगोतीन बाई के निशुल्क इलाज की व्यवस्था कराई। इसके बाद, मरीज को इलाज के लिए गुडविल हॉस्पिटल भेजा गया, जहाँ उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा मिली और उनका इलाज पूरी तरह से सफल रहा। इस घटना में आयुष्मान कार्ड ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से जगोतीन बाई को निशुल्क इलाज की सुविधा मिल पाई, जिससे उनके गरीब परिवार को इलाज के भारी आर्थिक बोझ से बचाया जा सका। यह घटना एक बार फिर आयुष्मान कार्ड जैसी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के महत्व को रेखांकित करती है, जो जरूरतमंदों के लिए जीवनरक्षक साबित होती हैं।

## विकासखंड स्तरीय सर्व यादव समाज का परिवारिक सम्मेलन हुआ

# सामाजिक एकता ही विकास की कुंजी : यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

नगर पंचायत के उपकृषि मंडी फिंगेश्वर में जय माधव जय यादव के गगनचुंबी नारों के साथ सर्व यादव समाज का विशाल पारिवारिक सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रमुखों ने अपने भाषणों में यादव समाज को हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने और एकजुट रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर उपस्थित समाज प्रमुखों द्वारा भगवान कृष्ण की प्रतिमा और गौमाता की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने इस ऐतिहासिक आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फिंगेश्वर में पहली बार हो रहे इस आयोजन में ▸▸|शेष पेज 9 पर




### समाज की एकता से मिलेगा फायदा : महेश

राजिम के नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि अलग-अलग यादवों के रूप में बंटने से समाज संगठन के रूप में कमजोर दिखाई दे रहा था। इसलिए सर्व यादव समाज का यह पारिवारिक सम्मेलन समाज की एकता बनकर उभर रहा है, जिसका फायदा हमें आगे चलकर हर क्षेत्र में मिलेगा।

### भगवान कृष्ण के संदेशों का पालन करें : परमानंद

भागवताचार्य परमानंद यादव ने कहा कि हम भगवान कृष्ण के यदुवंशी होने से उपजी जाति हैं। उन्होंने भगवान कृष्ण द्वारा भागवत कथा और गीता में दिए गए संदेशों का पालन करने की बात कही। परमानंद यादव ने दोहराया कि अलग-अलग जाति के यादव होने से हम असंगठित हैं, इसलिए सर्व यादव समाज का यह कार्यक्रम संगठित होने और भाईचारा बढ़ाने के लिए किया गया है, जिसमें आज हजारों यादव एकत्रित हुए हैं। पूनम यादव ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारे असंगठित होने के कारण राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं द्वारा हमारी उपेक्षा की जाती रही है, लेकिन अब हम संगठित हो गए हैं और अपनी माँगों को प्रमुखता से रख पाएँगे। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित कर सर्व यादव समाज की एकता पर बल दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व पार्षद कमलेश यदु ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन तेजेश यदु द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देवभोग, गरियाबंद, छुरा, फिंगेश्वर, राजिम सहित अन्य क्षेत्रों से यादव समाज के पदाधिकारियों सहित हजारों लोग शामिल हुए।



# पौधा रोपण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

ग्राम रसेला में रविवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा अपने अपने ग्राम में एक एक पेड़ अवश्य लगाने का संकल्प लिया गया है। इस दौरान ग्राम रसेला कारीमाट्टी तालाब में पौधा की विधिवत पूजा अर्चना कर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपसरपंच परमेश्वर यादव, जगत राम यादव, ठाकुर राम, नंदकिशोर,यशराम यादव, ओमप्रकाश यादव मौजूद थे। पौधारोपण करते हुए उपसरपंच यादव ने कहा यह पौधा नहीं, हमारी जिंदगी है। जो हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। पेड़ पौधे हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं, फल सब्जियां, और लकड़ी देते हैं, और पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं। पेड़ पौधों के बिना, हमारा जीवन संभव नहीं है। वे न केवल हमारे भोजन और आश्रय प्रदान करते हैं, बल्कि वे जलवायु को भी नियंत्रित करते हैं और विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों के लिए आवास ▸▸|शेष पेज 9 पर

## खबर संक्षेप



### गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में चल रहा सामूहिक साधना अनुष्ठान

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारियों के अंतर्गत देशभर में सामूहिक साधना का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नवनिर्मित गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में भी सामूहिक साधना अनुष्ठान प्रारंभ किया गया है। इस अनुष्ठान में संतुलाल साहू, बोधराम साहू, पीरीत राम रैला, ध्रुव राम साहू एवं ललित मेश्राम केंद्र में निवास करते हुए सेवा दे रहे हैं। श्रावण मास के द्वितीय रविवार को इस साधना कार्यक्रम में महासमुंद से 24 साधकगण सिरपुर पहुंचकर सामूहिक साधना में सहभागी बने। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिखीराम साहू, हीरालाल साहू, डीसी राव भोसले, दुर्गाबाई भोसले, भुवनेश्वर राव भोसले, गोपाल राव भोसले, श्रद्धा भोसले, गरिमा भोसले, वर्षा भोसले, रामलाल साहू, मीना साहू, देव कुमार साहू, महेश्वरी साहू, शुभम साहू, परस चौहान, नीलाराम ठाकुर, भारत सिंह साहू, मनोरमा साहू, सत्य प्रकाश ओझा, अमर साहू आदि उपस्थित रहे। गायत्री परिवार द्वारा सभी इकाई के परिजनों एवं श्रद्धालु साधकों से अनुरोध किया गया है कि वे समय निकालकर गायत्री चेतना केंद्र, सिरपुर में उपस्थित होकर इस पुनीत सामूहिक साधना में भाग लें तथा आत्मिक एवं सामाजिक शुद्धि की दिशा में योगदान दें।

### कन्या छात्रावास सिरपुर में फल वितरित

**महासमुंद।** गायत्री परिवार द्वारा सिरपुर स्थित नवनिर्मित चेतना केंद्र में इन दिनों सामूहिक साधना का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पधारे परिजनों द्वारा सामूहिक साधना की गई। साधना उपरांत वरिष्ठ गायत्री परिजन एवं देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद के संरक्षक बीएन गुप्ता के नेतृत्व में आदिवासी कन्या छात्रावास सिरपुर में फल वितरण किया गया। इस पुनीत अवसर पर छात्राओं को रामचरितमानस की प्रति भी भेंट स्वरूप प्रदान की गई, जिससे उनमें आध्यात्मिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों का संचार हो सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिखीराम साहू, हीरालाल साहू, विश्राम साहू, भारत साहू, मनोरमा साहू, परस चौहान, नीलाराम ठाकुर, अमर साहू सहित कई अन्य गायत्री परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षाओं का प्रसार करना तथा सेवा भाव से जुड़कर मानव कल्याण में योगदान देना है।

### सदर मार्ग में रफ्तार से फैलाई दहशत, गिरफ्तार

**धमतरी।** शराब के नशे में शहर के व्यस्त मार्ग में अंधाधुंध गाड़ी दौड़ाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध मोटरव्हीकल एक्ट की धारा 185 (शराब पीकर वाहन चलाना) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 धारा 126 एवं धारा 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। सदर मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है। यहां पर दानिश खान उम्र 21 वर्ष पिता रियाज निवासी आमातालाब गौरा चौक थाना सिटी कोतवाली ने शराब के नशे में तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाई। गाड़ी महिंद्रा थार थी, जिस पर नम्बर भी नहीं लिखा था। गाड़ी की रफ्तार इतनी थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए।

## तैयारी बैठक: आदिवासी युवा प्रभाग सरायपाली और बसना की हुई बैठक

# विश्व आदिवासी दिवस की रूपरेखा और संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

सर्व आदिवासी समाज भवन भंवरपुर में 17 जुलाई को आदिवासी युवा प्रभाग सरायपाली व बसना के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस की रूपरेखा, संगठन विस्तार के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सचिव राजेंद्र सिदार द्वारा सभा को सेवा जोहार से संबोधित करते हुए की गई। बैठक में उपस्थित सभी युवाओं ने अपना-अपना परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देव ठाकुर ने संगठन विस्तार के साथ ही संस्कृति के प्रति लगातार कार्य कर रहे युवाओं की सराहना की। उन्होंने आदिवासी दिवस की रुपरेखा एवं सशक्त युवा सशक्त समाज की जानकारी भी दी। इस दौरान जिला सचिव मनोज कुमार सिदार ने युवाओं को अपनी



जिम्मेदारी, समाज में शिक्षा, अधिकार के बारे में जानकारी दी। साथ ही सशक्त संगठन निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ युवा साथी योगेश जगत द्वारा शिक्षा, संस्कृति और रोजगार के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात युवाओं ने अपना-अपना मत प्रस्तुत किया, जिसमें सिंधु जगत के द्वारा विलुप्त हो रहे संस्कृति के कारण, संस्कृति से दूर हो रहे युवा, शिक्षा के बारे में बताया। उपाध्यक्ष दिव्या नागेश ने आदिवासी दिवस पर अपना प्रतिभा निखार के लिए आगे आए, अपना मत प्रस्तुत किया। इसी तरह पुनम सिदार ने युवाओं को संस्कृति से जोड़ने के सुझाव दिए।

### बैठक में जुटे समाज के युवाजन

इस दौरान मनोज सिदार, नीलमणि सिदार, देव ठाकुर, राजेंद्र सिदार, टिकेश्वर मरकाम, सुमंत सिदार, प्रकाश पारेश्वर, युवराज सिदार, अर्जन सिंह नेताम, जय कुमार सिदार, जीवन सिदार, अमृत सिदार, योगेश जगत, नोहर सिंग सिदार, जितेंद्र कुमार जगत, विक्रम सिदार, हिमांशु शेष, भावेश शेष, कलप राम जगत, आनंद राम सिदार, कन्हैया लाल, शिवा बरीहा, पारेश्वर बरिहा, दीपक सिदार, आनंद राम सिदार, दिव्या नागेश, चंद्रिका सिदार, पूनम सिदार, भूमिका सिदार, खुशी सिदार, सिंधु जगत, सुमन जगत, चंद्रिका विशाल, हेमा सिदार, मनीषा जगत, सरिता जगत, दिशा सिदार, मानसी सिदार आदि उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

भारत स्काउट्स द्वारा पर्यावरण संतुलन एवं जैव विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौधरी, अध्यक्षता सीएल पुहुप एवं तारेश्वरी नायक उपाध्यक्ष एवं सेवा शंकर अग्रवाल रहे।



अतिथियों का स्वागत स्काउटिंग परंपरा अनुसार स्कार्फ लगाकर किया गया। सभी ने मिलकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर जलसंरक्षण, ग्रीन-क्लीन इंडिया के लिए सामूहिक रुप से जनजागरुकता का संदेश दिया गया। स्थानीय संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने अपने जन्मदिन पर कदंब पौधा का रोपण किया गया और निःशुल्क ट्री गार्ड भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण एक पुनीत, प्रोत्साहन योग्य कार्य है। हम सभी को विभिन्न अवसरों पर वृक्षारोपण किया जाना चाहिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण हो सके। बीईओ एवं पदेन सहायक आयुक्त (स्काउट) प्रकाशचंद्र मांझी ने अपने सन्देश में कहा कि स्काउट-गाइड संगठन द्वारा किया गया यह पुनीत कार्य अनुकरणीय है। इस मुहिम को और आगे बढ़ाने हेतु सार्थक प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय संघ के आजीवन सदस्य द्वय मनोज अग्रवाल एवं सुनील अग्रवाल, स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी, वरिष्ठ सेवाभावी स्काउटर कमलेश सतपथी, जिला प्रतिनिधि गाइडर पुष्पांजली चौधरी (फ्लॉक लीडर), सविता साहू (गाइडर), जिला प्रतिनिधि स्काउटर किशोर कुमार पटेल, स्काउटर दयानंद चौधरी, पूर्व सचिव एवं मीडिया प्रभारी हेमंत चौधरी, विश्वनाथ भारती आदि मौजूद रहे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन सचिव यशवंत कुमार चौधरी ने किया।

## अभाविप महासमुंद नगर की कार्यकारिणी का गठन

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महासमुंद नगर की घोषणा महासमुंद विभाग संयोजक व जिला संयोजक के नेतृत्व में नगर की नगर कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें लवेश साहू को पुनः नगर मंत्री बनाया गया व नगर सहमंत्री मेघा दुबे, आदित्य आर्य, भीखम ध्रुव, नगर जनजातीय प्रमुख अशवन कुमार भाई, नगर कार्यालय मंत्री मन्नू शर्मा, नगर महाविद्याल प्रमुख किशोर साहू, नगर विद्यालय प्रमुख सिद्धार्थ चंद्राकर, सोशल मीडिया प्रमुख आर्यन तारक, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख लिलेश्वरी दीवान, एसएफडी प्रमुख रमन सेन, एसएफएस प्रमुख योगेश कुमार साहू, नगर खेलो भारत प्रमुख क्रिससिंह ठाकुर, छात्रा कार्यप्रमुख वात्सल्य यादव, नगर कार्य कार्यकारणी सदस्य कृष्णा छापड़, रुद्र साहू, रौनक साहू, विकास साहू, सोनम चंद्राकर, संध्या सिन्हा, छाया साहू, सपना टांडे, कौशलेंद्र दीवान, टुकेश साहू, टेमेंद्र साहू समेत अन्य कार्यकता शामिल है।



## जनभावनाओं को ध्यान में रखकर प्लांट के सभी अवैध कार्य बंद कराए प्रशासनः निखिलकांत



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने खैरझिटी स्थित करणीकृपा पावर प्लांट प्रबंधन के अनैतिक कार्यों के विरूद्ध क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों के विरोध को जायज ठहराते हुए कहा कि किसानों के मांग अनुरूप तत्काल प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए। जनता से बड़ा कोई प्लांट, फैक्ट्री या कंपनी नहीं होता। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्लांट के सारे अवैध गतिविधियों पर प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि लगातार यह देखने में आ रहा है कि करणी कृपा पावर प्लांट द्वारा विरोध व आपत्ति के बाद भी अपनी मनमानी की जा रही है। पहले कोडार बांध से करणी कृपा प्लांट को पानी देने की सुगबुगाहट के बाद इसका भारी विरोध हुआ। अब गोपालपुर एनीकट से पंचायत के बिना अनुमति करणी कृपा पावर प्लांट को पानी दिये जाने का विरोध क्षेत्र के ग्रामीण व किसान कर रहे हैं। इसके लिए मनमानीपूर्वक प्लांट प्रबंधन द्वारा पाइप लाइन बिछाकर क्षेत्र में अशांति फैलाने का काम किया जा रहा है। साहू ने कहा कि करणी कृपा पावर प्लांट की मनमानी से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में आक्रोश है। प्लांट द्वारा अवैध रूप से सड़क निर्माण, पर्यावरण प्रदूषण और किसानों के रास्ते रोकने जैसे आरोप लग रहे हैं। इसके अलावा प्लांट में लगातार हो रही दुर्घटनाओं और श्रमिकों की मौतें भी चिंता का विषय है। इन घटनाओं से क्षेत्र में आक्रोश है और किसान प्लांट प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## ट्रांसपोर्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बने साहनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

ट्रांसपोर्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पद पर हरचरण सिंह साहनी के चयन होने पर व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि उनका अनुभव संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। वहीं, चैंबर ऑफ कॉमर्स नगर इकाई के उपाध्यक्ष एवं ट्रक एसोसिएशन सरायपाली के उपाध्यक्ष भोजराज अग्रवाल ने उनके नेतृत्व में व्यापारिक हितों की रक्षा की आशा जताई।

## 'निर्वाचित जनप्रतिनिधि को बदनाम करना ओछी राजनीति बर्दाश्त नहीं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- गत महीने से महासमुंद विधायक स्वास्थगत कारणों से बेड रेस्ट, फिर भी सेवा में जुटे रहे

तुमगांव नगर के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने विगत कुछ दिनों से विपक्ष व कुछ ओछी मानसिकता के राजनीति करने वालों को मानसिक संतुलन बिगड़ना बताया। विधानसभा क्षेत्र के अनेक जगहों पर विधायक लापता होने, उनके फोटो के साथ पोस्टर लगाना विपक्ष के निचली गिरी हुईं मानसिकता को दर्शाता है।



सभी को पता है कि विगत महीने से महासमुंद विधायक स्वास्थ्यगत कारणों से वह बेड रेस्ट में है। इतनी गंभीर चोट आने के बाद भी हर दिन विधानसभा के नागरिकों जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर उनकी बातों को सुनकर उनकी समस्याओं का जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी को निर्देश कर निराकरण भी करा रहे है। लगातार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर चर्चा व विकास कार्यों की समीक्षा भी कर रहे है। विगत दिनों विधानसभा के सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों के साथ अस्वस्थ होते हुए भी निवास में बैठक कर ग्राम पंचायतों के मूलभूत सुविधाओं व विकास कार्यों की समीक्षा कर शासन की योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने निर्देश भी किए। ऐसे प्रत्येक दिवस सैंकड़ों जनता जनार्दन से मुलाकात करते है, जिसका सूचना हम सभी को सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होते रहता है। पूर्व में इस विधानसभा क्षेत्र में माफियाओं का अड्डा बना था। जैसे रेत माफिया, शराब माफिया आज इस विधानसभा क्षेत्र में रेत माफियाओं के ऊपर लगातार कार्रवाई हो रही है, हर दिन थानों में अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्रवाई हो रही है। क्षेत्र में विकास की नवीन गाथा लिखा जा रहा है। जिससे विपक्ष व माफिया घबराए हुए है। डेढ़ सालों में किसी भी प्रकार की करप्शन ना राज्य सरकार के ऊपर लगा ना विधानसभा क्षेत्र में, ऐसे में विधायक के बढ़ते जनाधार को लेकर बदनाम करने की नीयत से इस प्रकार की ओछी व गंदी मानसिकता विपक्ष के रवैये को जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे दुष्प्रचार करने वाले लोगों को जनता जवाब देगी।

## शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बोन्दा में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बैगलेस डे कार्यक्रम के तहत शनिवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बोंदा में प्रधान पाठक पद्मिनी कुमार के मार्गदर्शन एवं शिक्षिका गीता खुंटे के सहयोग से 70 विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में 92 फलदार, छायादार एवं औषधि मूलक पौधे लगाए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्ती सोच एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत इन बच्चों द्वारा लगाए पौधो के फोटोग्राफ़्स पोर्टल में भी अपलोड किए गए, जिससे सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त होगा। बच्चे इस कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। शिक्षिका गीता खुंटे ने सभी बच्चों को अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देख रेख के लिए जिम्मेदारी सौंपी। साथ नेम प्लेट भी उपलब्ध करवाया गया है। कार्यक्रम में सेवानिवृत प्रधान पाठक भोजराज पटेल, लिंगराज देवांगन, दिलीप निराला शिक्षिका अनुपमा मांझी, ज्योति पटेल, लीना त्रिपाठी का सहयोग रहा। इस पहल की संकुल प्राचार्य टीसी पटेल एवं संकुल समन्वयक गिरधारी पटेल ने सरहाना की है।

## मुड़पार में 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण की स्वीकृति, बच्चे 10 किमी दूर नर्रा स्कूल में लेंगे शिक्षा, उठ रहे अनेक सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

- कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा 271 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत वार्षिक योजना 2024-25 के तहत भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मिशन द्वारा जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम मुड़पार में 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण के लिए कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा 271 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जो कि ग्राम नर्रा में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से संबद्ध रहेगा।

गौरतलब है कि यह पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा के लिए बनने वाला यह हॉस्टल विद्यालय से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित झिटकी पंचायत के आश्रित ग्राम मुड़पार में बनाया जाना प्रस्तावित हुआ है। प्रशासन के इस निर्णय पर अनेक सवाल उठते है। प्रथम तो यह कि नर्रा के मिडिल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अगर इस हॉस्टल में रहेंगे तो रोज उन्हें पढ़ाई के लिए 10 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर आना जाना पड़ेगा। जबकि, शासन की नीति के अनुसार मिडिल स्कूल के छात्रों के लिए मिडिल स्कूल की अधिकतम दूरी तीन किलोमीटर निर्धारित की हुई है। दूसरे अगर इस बीच नन्हें बच्चों के साथ किसी प्रकार के अनहोनी की जिम्मेदारी किसकी होगी। तीसरा और सबसे अहम प्रश्न यह है कि जब छात्रावास को पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा से संबद्ध किया गया है तो क्यों ना इसको पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा के समीप निर्मित किया जाए। पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा के समीप छात्रावास भवन के लिए पर्याप्त स्थान है, जिससे छात्र-छात्रावास से निकालकर सीधे शाला पहुंचेंगे।

नर्रा स्थित विद्यालय परिसर में भौगोलिक लोकेशन मुड़पार के नाम से दिखाता है, जो अक्षांश और देशांतर रेखाओं के आधार पर नर्रा की पहचान है। वह मुड़पार के नाम से प्रदर्शित होता है। अतः प्रशासन की मंशा वास्तविक विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने की है तो इस तकनीकी पहलू का अध्ययन करा लें एवं तत्पश्चात वास्तविकता के आधार पर नर्रा स्थित विद्यालय परिसर में ही पर्याप्त भूमि उपलब्धता के कारण इसी परिसर में ही उक्त हॉस्टल का निर्माण कराया जा सकता है। यदि हॉस्टल नर्रा में बनेगा तभी इसका वास्तविक लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हो पाएगा। ऐसे निर्माण से लाभार्थी ही असुविधा में रहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। क्षेत्र प्रबुद्ध लोगों ने प्रशासन से पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।



### कांवरियों की सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** सावन माह का दूसरा सोमवार 21 जुलाई को पड़ रहा है। इस दौरान शनिवार से ही बम्हनी से जल लेकर हजारों कांवरियों का जत्था सिरपुर के लिए रवाना हुए। कांवरियों की सेवा में महासमुंद के बीटीआई रोड तथा ओवरब्रिज के नीचे जलपान की व्यवस्था की गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए तथा कांवरियों को जलपान वितरण किया। उल्लेखनीय है कि सावन माह के प्रत्येक शनिवार को कांवरियों के लिए सेवा भावी लोगों द्वारा जलपान, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर रखा जाता है। कल शनिवार को प्रसाद इलेक्ट्रानिक्स एवं वार्डवासियों द्वारा बीटीआई रोड तथा नगर पालिका सभापति ईश्वरी भोई व आदि शक्ति समिति द्वारा जलपान, प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया। दोनों स्थानों पर सेवा कार्य में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए तथा कांवरियों व शिवभक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने कहा कि सावन में भगवान शिव की भक्ति का सौभाग्य हमें मिला है, कांविरयों की टोली हमारे नगर से गुजरते हैं। कांवरियों की सेवा ही महादेव की सेवा है। उन्होंने सेवाभावी संस्थाओं, वार्डवासियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की।

## बांसकांटा के प्रवीण का सफल हृदय ऑपरेशन, चिरायु टीम के समर्पित प्रयास से मासूम को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत पिथौरा विकासखंड के ग्राम बांसकांटा निवासी प्रवीण यादव (4वर्ष) पिता नंद कुमार यादव का दिल का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक एम्स रायपुर में हुआ। यह जीवनरक्षक उपचार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशानुसार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे व चिरायु के जिला सलाहकार अनुपम शर्मा तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ।



मासूम प्रवीण को जन्मजात हृदय रोग की गंभीर समस्या थी, जिसके उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड के अतिरिक्त 1.5 लाख रुपए की नगद राशि की आवश्यकता थी। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए यह खर्च वहन करना संभव नहीं था। ऐसे कठिन समय में चिरायु के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र प्रजापति ने जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को परिजनों की परिस्थिति व बच्चे के स्वास्थ्य समस्या से अवगत कराया, सभी ने मानवीय सेवा-भावना के साथ आगे बढ़कर विशेष प्रयास किए, जिनके माध्यम से यह महंगा इलाज पूरी तरह निःशुल्क कराया गया। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम ने भी अहम भूमिका निभाई, जिनमें शामिल रहे डॉ. तनूजा चंद्राकर, फार्मासिस्ट लेखरंजन पटेल, एएनएम राजकुमारी बंजारे, लैब टेक्नीशियन बेनूराम सिन्हा इन सभी के संयुक्त प्रयासों से मासूम प्रवीण को एक नया जीवन मिल सका।

बच्चे के परिजनों से आपरेशन के बाद मिलने व बच्चे का स्वास्थ्य लाभ जानने पहुंचे पिथौरा चिरायु टीम, स्वास्थ्य विभाग व विशेष रूप से डॉ. वीरेंद्र प्रजापति (आयुष चिकित्सा अधिकारी) के प्रति गहन आभार प्रकट किया है, जिनकी सतत निगरानी, समर्पण और प्रयासों से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## औषधीय-सुगंधित पौधों की खेती कर रही स्व-सहायता समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाएं अब औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती कर आत्मनिर्भर बनने के साथ अपनी आय भी बढ़ा रही हैं। इसके तहत आरंग विकासखंड क्षेत्र के बनचरोदा, छटेरा, चटोद जैसे ग्रामों में महिलाएं खेतों में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की फसलें लेने के लिए बोवाई भी कर रही हैं। इस योजना के प्रथम चरण में आरंग विकासखंड के तीन ग्राम बनचरोदा, छटेरा और चटोद में कुल 14 एकड़ पंचायत की सामुदायिक और व्यक्तिगत जमीन पर औषधीय पौधों जैसे बच, खस और ब्राह्मी का रोपण किया जा रहा है।



इस नवाचारपूर्ण प्रयास के तहत औषधि बोर्ड ने महिला समूहों को निःशुल्क पौधों की आपूर्ति की है। दीदियों द्वारा तैयार कच्चे औषधीय माल को औषधि बोर्ड बाजार में बेचकर उसका मुनाफा सीधे महिला समूहों को देगा। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

**खबर संक्षेप**

## सुरक्षा अधिकारियों को सीपीआर और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

**रायपुर।** जिला प्रशासन द्वारा जीवन रक्षक उपायों के प्रति जागरूकता और तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "प्रोजेक्ट सुरक्षा" के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट सुरक्षा के अंतर्गत पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर्स (पीएसओ) को प्राथमिक उपचार और सीपीआर का जीवनरक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वी.आई.पी. सुरक्षा वाहिनी, माना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीएसओ के लिए 4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल माना रायपुर में किया गया। प्रशिक्षण का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के मास्टर ट्रेनर एवं राजभवन चिकित्सक डॉ. देवेश रायचा ने किया।

## चंद्रशेखर राष्ट्रीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष बने

**रायपुर।** चंद्रशेखर शुक्ला को राष्ट्रीय किसान यूनियन और सहकारिता आंदोलन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। भारतीय किसान यूनियन शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गौड़ ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा है कि किसानों को संगठन में जोड़कर आगे बढ़ाने का काम करेंगे। साथ ही श्री शुक्ला को ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ का प्रभार सौंपा गया है।

## बंशीराम बने तहसील साहू संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष



**रायपुर।** सामाजिक संगठन को शक्तिशाली बनाने के लिए तहसील साहू संघ धरसींवा के सदस्यों की पिछले दिनों तेलीन दाई मंदिर सिलतरा में मांढर, कूरा, सांकरा, तेंदुआ एवं सारागांव के संयुक्त तत्वावधान में बैठक रखी गई। पूर्व अध्यक्ष पर नाराजगी व्यक्त जताते हुए निर्वाचित उपाध्यक्ष बंशीराम साहू को सर्वसम्मति से धरसींवा तहसील का कार्यवाहक अध्यक्ष एवं गणेशराय साहू जरौंदा को उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में सभापति के रूप गिरधर साहू एवं केजूराम साहू द्वारा सामाजिक संगठन पर प्रकाश डाला गया।

## किरण देव पहुंचे चिमनानी के घर



**रायपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी के निवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं शीघ्र पूर्णतः स्वस्थ होने की कामना की। मुलाकात के दौरान भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, पैनलिस्ट निशिकांत पांडे सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कम्बाइंड मेडिकल सर्विस परीक्षा आज

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाइण्ड मेडिकल सर्विस परीक्षा 20 जुलाई को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगी।

**पौधारोपण :** गायत्री परिवार का हर रविवार, हरियाली अभियान, 20 जुलाई से 9 अगस्त तक पौधारोपण

# एक पेड़ मां के नाम अभियान, कोमा के खार में 15 सौ से अधिक पौधे रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई। इस कड़ी में ग्राम कोमा के खार में 1500 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और प्रतिबद्धता देखने को मिली।

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देशवासियों से माँ के नाम पर पेड़ लगाने का आह्वान किया है, और गायत्री परिवार भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर रहा है। उन्होंने प्रकृति संरक्षण को आवश्यक बताते हुए कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों का जिक्र किया। साहू ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हर परिवार की चिंता की और सभी के लिए वैक्सीन की व्यवस्था की। उन्होंने अपने सरपंच कार्यकाल में सेम्हरतरा में लगाए गए पौधों का उदाहरण भी दिया, जो आज बड़े पेड़ बनकर छाया और ऑक्सीजन दे रहे हैं। विधायक साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम कोमा में एक वर्ष की अवधि में 40 लाख का फंड दिया गया है, जिससे टीन शेड, जैतखंभ, महामाया चौक में पहुँच मार्ग, मुक्तिधाम, दुर्गा चौक में टीन शेड और महिला भवन का निर्माण किया जाएगा। किरवई में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ दिए गए हैं।

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ये उपस्थित थे-** चंदूलाल साहू छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं गायत्री शक्तिपीठ राजिम के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, रोहित साहू विधायक, संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक, महेश यादव नगर पंचायत अध्यक्ष, डॉ. रामकुमार साहू भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष, रिकेश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, रेणुका साहू भाजपा मंडल महामंत्री, पूर्णिमा चंद्राकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष, टीकम राम साहू गायत्री परिवार के जिला समन्वयक, विक्रम मेघवानी गायत्री शक्तिपीठ राजिम के पूर्व मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, चंद्रशेखर साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, किशोर साहू विधायक के पीए, बलराम साहू सरपंच, ग्राम पंचायत कोमा, नीतू बंजारे उपसरपंच, गायत्री परिजन रामकुमार साहू, आकाश राजपूत, अजय पटेल, सुरेश पटेल, मोहन साहू, तुलाराम साहू, सुनील श्रीवास्तव, संजीव साहू (भाजपा नेता), संतोष साहू (गायत्री ट्रस्टी), अमृत लाल साहू, पुरुषोत्तम यादव, गोपी, सुकालू, अवधराम, सहित ग्रामीण जन मौजूद थे।



### प्रकृति से ले रहे हैं, तो देना भी हैः चंदूलाल

छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चंदूलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां के नाम पर पौधा लगाने का आह्वान किया है। इसी क्रम में, गायत्री परिवार के सभी सदस्य 20 जुलाई से 9 अगस्त (रक्षाबंधन पर्व) तक प्रत्येक रविवार को विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण करेंगे। इसकी शुरुआत रविवार को ग्राम कोमा के खार में 1500 पौधे लगाकर की गई। उन्होंने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ राजिम की दो एकड़ जमीन में यज्ञशाला और बच्चों को संस्कार देने के लिए स्कूल का निर्माण किया जाएगा। साहू ने जोर दिया कि हम प्रकृति से ले तो रहे हैं, लेकिन दे नहीं रहे हैं, बल्कि उसे नुकसान पहुँचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए हमें काम करना है, तो पेड़ लगाना होगा। पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेनी है। उन्होंने सुझाव दिया कि पौधों की सुरक्षा और संरक्षण हेतु वृक्ष समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधों को दो वर्ष तक विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, और फरवरी से जून तक उन्हें पानी देना चाहिए। साहू ने यह भी कहा कि /"एक पौधे का रोपण और देखभाल करना, दस बच्चों के पालन-पोषण के समान है।/" उन्होंने छत्तीसगढ़ की अपार खनिज संपदा का जिक्र करते हुए शराब के नाम पर इसकी बदनामी पर भी चिंता व्यक्त की।



### पौधा रोपण अनिवार्य : संतोष

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस मार्मिक अपील का पूरे देश में असर देखने को मिल रहा है। सभी लोग पौधारोपण कर रहे हैं। उन्होंने सिर्फ माँ ही नहीं, बल्कि अपने माता-पिता, पूर्वज और गाँव के देवी-देवताओं के नाम पर भी पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने गायत्री परिवार को सनातन धर्म को बचाने का काम करने वाला बताया।

### पौधारोपण अनिवार्य : महेश यादव

नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि आज वृक्षारोपण अनिवार्य हो गया है, क्योंकि पेड़ों की बेदर्दी से कटाई के कारण मौसम में बदलाव आया है। उन्होंने कम बारिश, तेज गर्मी और गिरते जलस्तर का जिक्र करते हुए इन समस्याओं से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### पूरे देश में चला अभियान : साहू

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के /"माँ के नाम पेड़ लगाओ/" आह्वान का असर अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है और इस अभियान में हर नागरिक जुड़ गया है, जिसमें गायत्री परिवार भी शामिल है।

ग्राम पंचायत कोमा के सरपंच बलराम साहू ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन टीकम सेन ने किया, और आभार प्रदर्शन गायत्री परिवार के जिला समन्वयक टीकम साहू ने किया।

सभी लोगों ने खार में पैदल चलकर खेत के मेड़ों में विभिन्न प्रजाति के 1500 से अधिक पौधे लगाकर एक रिकॉर्ड बनाया। गायत्री परिवार के आह्वान पर रविवार को अभियान के प्रथम दिन जिलाभर के गायत्री परिजनों ने भी अपने गाँवों और घरों में पौधारोपण किया।

# खारंग और खपरी हुए लबालब, मनियारी, झुमका और छिरपानी में 90 प्रतिशत से अधिक पानी

**राज्य के सिंचाई जलाशयों में 50 प्रतिशत जलभराव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के प्रमुख बांधों में 49.78 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बिलासपुर स्थित खारंग बांध और दुर्ग जिले का खपरी जलाशय लबालब हो गया है। राज्य के कुल 46 प्रमुख जलाशयों में से झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, मनियारी जलाशय 90 प्रतिशत से अधिक, जबकि छरपानी जलाशय में 91 प्रतिशत से अधिक जलभराव हुआ है।

राज्य के 12 बड़े सिंचाई परियोजनाओं में शामिल खारंग बांध में 100 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है, जो सर्वाधिक भराव वाले जलाशयों में शामिल है। मनियारी बांध में जल स्तर 93.17 प्रतिशत तक पहुंच गया है, छोटे जलाशयों जैसे झुमका बांध और छिरपानी में क्रमशः 98.84 प्रतिशत और 91.14 प्रतिशत जलभराव हो चुका है।



### खारंग, केलो बांध के गेट खोले गए

राज्य के कई जलाशयों से नहरों तथा स्लूइस के माध्यम से जल निकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है। जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को जलाशयों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### बांगो और गंगरेल बांध आधे से ज्यादा भरा

मिनीमाता बांगो बांध में अब तक 52.78 प्रतिशत जलभराव हुआ है, गंगरेल बांध में 53.26 प्रतिशत, तांदुला बांध में 29.29 प्रतिशत, दुधावा बांध में 21.87 प्रतिशत, सिकासार बांध में 45.21 प्रतिशत, सोंदूर में 23 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली में 21.57 प्रतिशत, कोडार डेम में 38.11 प्रतिशत, केलो डेम में 30.96 प्रतिशत जलभराव हुआ है। इसी तरह अरपा भैंसाझार और मायना जैसे जलाशयों में 30 प्रतिशत से भी कम, गोंदली बांध में 30.24 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 42.57 प्रतिशत जलभराव हुआ है। खरखरा डेम में 22.15 प्रतिशत, परलकोट डेम में 36.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 69.38 प्रतिशत, पिपरिया नाला डेम में 77.64 प्रतिशत, बलार डेम में 23.04 प्रतिशत, सुतियापात जलाशय में 67.74 प्रतिशत, मोंगरा बैराज में 62.62 प्रतिशत, मरोदा जलाशय में 38.62 प्रतिशत, सरोदा दादर में 41.03 प्रतिशत, घोंघा जलाशय में 82.84 प्रतिशत, मटियामोती जलाशय में 28.51 प्रतिशत, झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, खमारपकुट डेम में 86.11 प्रतिशत, कर्रानाला बैराज में 72.64 प्रतिशत, किंकारी नाला में 80.31 प्रतिशत, सुखा नाला बैराज 72.95 प्रतिशत, कुम्हारी डेम रायपुर में 40.44 प्रतिशत, धारा जलाशय राजनांदगांव में 46.44 प्रतिशत तथा रूसे डेम में 54.47 प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

# कांग्रेस ने सभी जिलों में ईडी और भाजपा सरकार का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ दुर्भावना पूर्वक कार्रवाई एवं गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में भाजपा सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, ईडी भारतीय जनता पार्टी और अडानी के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रहे हैं। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा



ईडी की कार्यप्रणाली के विरोध में पूरे प्रदेश में ईडी का पुतला दहन किया गया। रायपुर सहित कुछ शहरों में कल ही पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। शनिवार को बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में ईडी का पुतला फूंका गया।

### जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने विरोध किया

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधो राम वर्मा के नेतृत्व में सिलयारी, धरसीवां में मोदी, शाह और साय का पुतला दहन कर ईडी की कार्रवाई का विरोध किया गया। संविधान के विरुद्ध भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में बनाए गए पुतले को पूरे बाजार में घुमाया, नारे लगाकर आक्रोश प्रकट किया गया। उसके बाद पुतला फूंका गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जिला के पदाधिकारी एवं कांग्रेसी उपस्थित रहे।

**दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नारियल फोड़कर की शुरुआत**

# पंकज उद्यान, माई की बगिया में 7.25 लाख के मरम्मत कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने पंकज उद्यान पुरानी बस्ती और माई की बगिया लाखेनगर में सवा 7 लाख रुपये से अधिक के मरम्मत और सुधार के नये कार्यों का नारियल फोड़कर भूमिपूजन किया। इसके साथ ही माई की बगिया में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत पौधा रोपित किया। श्री सोनी ने लगाये गये पौधे की सुरक्षा और देखभाल के लिए संकल्प लेने पर जोर दिया।

शनिवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत जोन 5 क्षेत्र स्थित पुरानी बस्ती के पंकज उद्यान और लाखे नगर के माई की बगिया परिसर में आवश्यक मरम्मत और सुधार कार्य की शुरुआत हुई। भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, एमआईसी सदस्य सरिता-आकाश दुबे, सुमन-अशोक पांडे, पार्षद बब्बी सोनकर, ममता-सोनू तिवारी, आशु चंद्रवंशी, दुर्गा-यादराम साहू सहित सिंधी समाज के लख्मीचंद गुलवानी, भीमनदास बजाज, दीपक कृपलानी, बलराम मंधानी, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश रामटेके, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### जोन 5 कार्यालय में सुनील सोनी ने ली समीक्षा बैठक

दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नगर निगम जोन 5 के ईदगाह भाठा पानी टंकी परिसर स्थित जोन 5 कार्यालय में वार्डो के कार्यों की समीक्षा करने बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट संबंधी जन शिकायतों का तत्काल समाधान करने निर्देश दिए। श्री सोनी ने बैठक में कहा कि जोन स्तर पर आम जनता को सड़क बत्ती, पेंशन, राशनकार्ड, आधारकार्ड, श्रमिक कार्ड के लिए इधर-उधर भटकना मत पड़े इसलिए आवश्यक व्यवस्था बनायें। इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। रायपुर दक्षिण विधायक ने अधिकारियों को पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर नए विकास कार्यो का प्रस्ताव शीघ्र बनाकर भेजने की हिदायत दी। जोन 5 कार्यालय में ली गयी समीक्षा बैठक में जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल सहित जोन 5 के अन्य वार्डों के पार्षद उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष...

### आए दिन हाईवे...

हादसों का शिकार हो रहे हैं। रात और शाम के समय मैनपुर नगर सहित नेशनल हाईवे पर जगह-जगह मवेशियों का जमघट लगा रहता है, जो दुर्घटना का कारण बन रहा है।

ग्रामीण अंचल में आज हालात यह हैं कि गौठान सुनसान पड़े हैं और पशु पालक अपने मवेशियों को खुले में चरने के लिए छोड़ रहे हैं। क्षेत्र में कई स्थानों पर लाखों रुपये खर्च करके गौठान बनाए गए हैं, लेकिन इन गौठानों में न तो चारे की व्यवस्था है और न ही मवेशियों के लिए पानी की। पिछले दिनों मैनपुर से 3 किमी दूर गौरघाट के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक दर्जन मवेशियों की मौत हो गई थी और वाहन चालक फरार हो गया था। मवेशी पालकों को आज तक मुआवजा नहीं मिला है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों...

प्रदेशभर के आत्मानंद स्कूलों में लगभग 13 से 14 हजार संविदा शिक्षक-कर्मचारी कार्यरत हैं, जो इस समस्या से जूझ रहे हैं।

**वर्तमान वेतनमान और नियमित कर्मचारियों से तुलना-** शिक्षकों ने मौजूदा वेतनमान की जानकारी देते हुए बताया कि व्याख्याता को 38,100, शिक्षक को 35,400, सहायक शिक्षक को 25,400, लैब असिस्टेंट को 25,300, लाइब्रेरियन को 22,400 और चपरासी को 15,600 का मासिक वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नियमित कर्मचारियों की तुलना में संविदा कर्मियों को मासिक 10,000 से 15,000 कम वेतन मिलता है। धरने में शामिल शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो उनका आंदोलन और भी व्यापक होगा। अंत में, संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

### जिले की 4 बेटियों ने...

पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि इन बेटियों का पर्वतारोहण करना एक प्रेरणादायी क्षण था। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मान बेटियों को भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। वहीं, जिला पंचायत सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी ने इन बेटियों की उपलब्धि को व्यक्तिगत न मानते हुए, इसे पूरे समाज, खासकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि साहस, संघर्ष और सशक्तिकरण की एक जीवंत मिसाल है। यह भी बताया गया कि गरियाबंद जिले की इन बेटियों ने शिक्षक प्रदीप सेन के विशेष मार्गदर्शन में यह उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इस सम्मान समारोह में गोपाल साहू और लोकेश सिन्हा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सामाजिक एकता ही...

इतनी बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अलग-अलग यादव उपजातियों के कारण हो रहे असंगठन को दूर करना है। सतीश यादव ने बल देते हुए कहा कि अलग-अलग यादव उपजातियों में बंटे होने के कारण हम सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक गतिविधियों में पीछे रह गए हैं। यदि सभी यादव समाज की लाइफ लाइन एक हो जाए, तो निश्चित ही हम सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि आँकड़ों में अधिक होने के बावजूद, ग्राम पंचायतों से लेकर जनपद और जिला पंचायतों तक में यादव समाज को गिने-चुने पद ही मिल पा रहे हैं, जो जितनी हिस्सेदारी, उतनी भागीदारी की नीति से अलग है। इसी वजह से राजनैतिक पार्टियाँ भी हमारी अनदेखी करती हैं। उन्होंने सभी यादवों से हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग लेने और संगठित होने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

### पौधा रोपण अभियान...

भी प्रदान करते हैं। ठाकुर राम, जगत राम यादव ने कहा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे अभियान से प्रेरित होकर क्षेत्र में सैकड़ों लोग अपनी माताओं के नाम पर पौधारोपण कर रहे हैं। नंदकिशोर, यशराम यादव ने कहा पौधे लगाकर भूलना नहीं है, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संभालना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान पीपल, काजू,जाबुन, अमरूद, कटहल, आम, नारियल, केला सहित विभिन्न प्रकार के पौधारोपण किया गया। इस मौके पर चन्द्रकला यादव, लक्ष्मी यादव, दुलम, दुलसिया यादव, कुमारी पटेल, श्यामा ठाकुर, नागेंद्र यादव, अरविंद पटेल सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए तीसरा टेस्ट

**महासमुंद।** प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी.बसंत साव ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को तीसरा टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -03 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भारत का भूगोल, छत्तीसगढ़, भारत एवं छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। तीसरा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया।

### किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने में भाजपा सरकार नाकाम

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने में भाजपा की साय सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी है। सरकार द्वारा सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद भंडारण होने की



झूठे आंकड़े प्रस्तुत की जा रही है। जबकि, हकीकत यह है कि कहीं भी किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है, केवल खुले बाजार में ही अधिक दाम पर डीएपी किसानों को मिल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि जिले के लिए खरीफ सीजन में 22200 मीट्रिक टन डीएपी की डिमांड था। लेकिन, पूर्व स्कंध को मिलाकर केवल 7470 मीट्रिक टन डीएपी ही जिले को मिला। पूर्व स्कंध 3280 तथा नवीन भंडारण 4190 मीट्रिक टन ही हो सका। इस तरह जिले को कुल 14730 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त ही नहीं हुआ है। आंकड़े के अनुसार जो डीएपी मिली वह सोसायटियों में वितरण के लिए पहुंचा या नहीं इस पर भी संशय है। क्योंकि, बाजार में आसानी से डीएपी की उपलब्धता कुछ और बयां कर रहा है। चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार को छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की समस्या का कोई ख्याल नहीं। अभी खेतों में किसान रोपा लगा रहे हैं। रोपा लगाने के तत्काल बाद डीएपी की आवश्यकता पड़ेगी। लेकिन, सोसाइटियों में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है। पहले कहा गया डीएपी के बदले एनपीके दिया जाएगा, लेकिन एनपीके की आपूर्ति भी सरकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है।

### सदस्यों को दी गई पंचायत की योजनाओं की जानकारी

**महासमुंद।** जिला पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में 16 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में उपसंचालक पंचायत दीप्ति साहू और संकाय सदस्य दिनेश वर्मा के संयोजन में हुआ। प्रथम दिवस में प्रशिक्षण की शुरुआत पंचायत प्रणाली की भूमिका, बजट निर्माण, ऑडिट प्रक्रिया, पंचायत में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की प्रक्रिया एवं सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी से की गई। प्रतिभागियों को पंचायत के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी और विधिक पहलुओं से अवगत कराया गया।

---

**विडंबना : ओड़िशा को जोड़ने वाला यह मुख्य कारीडोर मार्ग में करोड़ो खर्च के बाद पुल-पुलिया के अभाव में औचित्यहीन**

# 22 किमी बनी सड़क, पर पुलों के अभाव में 50 से ज़्यादा गांव बारिश में हो जाते हैं टापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के आदिवासी मैनपुर विकासखंड में लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद राजापड़ाव से गौरगाँव तक 22 किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। इस पक्की सड़क के बन जाने से क्षेत्र के हजारों लोगों को आने-जाने में सुविधा तो हो रही है, लेकिन दूसरी ओर इस सड़क पर स्थित प्रमुख नदी-नालों अड़गड़ी, जरहीडीह, शोभा और बाघनाला पर बड़े पुलों का निर्माण नहीं होने से बारिश होते ही 50 से ज़्यादा गाँवों का संपर्क तहसील मुख्यालय मैनपुर से टूट जाता है। नदियों में बाढ़ के चलते लोगों का आवागमन कई दिनों तक ठप रहता है। यह सड़क क्षेत्र के प्रमुख मार्गों में से एक है, जो सीधे छत्तीसगढ़ को ओडिशा प्रदेश से जोड़ती है और प्रतिदिन हजारों लोगों का इस मार्ग से आना-जाना लगा रहता है। सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भारी-भरकम बजट खर्च कर बेहतरीन सड़क का निर्माण तो करा दिया है, लेकिन पुल-पुलिया का निर्माण कार्य नहीं करवाने से करोड़ों की यह सड़क बारिश के दिनों में औचित्यहीन नज़र आती है।

**वरिष्ठजनों की जुबानी, समस्या की गंभीरता-** शोभा निवासी जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने हरिभूमि को बताया कि राजापड़ाव-गौरगाँव क्षेत्र के लोगों द्वारा पुल-पुलिया और गाँवों में पहुँचने के लिए सड़क निर्माण को लेकर लंबे समय से मांग और आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अब तक पुल-पुलिया या सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।





### ग्रामीण मांग रहे थे पुल पर मिली सिर्फ सड़क

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से पहले क्षेत्र की जनता ने पुल-पुलिया निर्माण की मांग को प्राथमिकता के साथ उठाने को कहा था, लेकिन ग्रामीणों की इस महत्वपूर्ण मांग को दरकिनार कर सिर्फ सड़क का निर्माण किया जाना और पुल-पुलिया का निर्माण नहीं किया जाना समझ से परे है। केंद्र सरकार द्वारा गाँवों को बड़े कस्बों से जोड़ने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य किया जाता है, लेकिन पुल-पुलिया के अभाव में सड़क निर्माण का बारिश के दिनों में कोई औचित्य नहीं रहता, क्योंकि पुल-पुलिया नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के 50 से ज़्यादा गाँव टापू में तब्दील हो जाते हैं।

### दशकों से आश्वासन, काम नहीं

राजापड़ाव, गौरगाँव और शोभा क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण और पुल-पुलिया के लिए काफी समय से धरना-प्रदर्शन, आंदोलन, चक्काजाम और पदयात्राएँ की हैं, लेकिन अब तक पुल-पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया है। हर बार सिर्फ ग्रामीणों को पुल-पुलिया के लिए स्वीकृति मिलने की बात कही जाती है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ। ग्राम अड़गड़ी, कुसुममुड़ा, जरहीडीह, टिकरापारा, शोभा, लहपीपारा, करेली, कुसियारबरछा, केरापारा, गोना, सुकलाभाठा, ढोलसरई, भुतबेड़ा, भीमाटिकरा, रक्सापथरा, कुचेंगा, महुआनाला, गरीबा, टांगापानी, गौरगाँव, भाठापानी, झोलाराव, गवरगाँव, नगबेल, चिपरी, छिनभटी, कोकड़ी** सहित क्षेत्र के 50 से ज़्यादा गाँव और पारा-टोला के लोगों को बारिश में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम ने बताया कि पुल-पुलिया के अभाव में बारिश के चार माह लोगों को जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ता है। स्कूली बच्चे बहुत परेशान हो जाते हैं। लगातार बारिश होने पर रपटा के ऊपर पानी भर जाने से दो-तीन दिनों तक आवागमन बाधित हो जाता है। नदी पार करते कई बड़ी दुर्घटनाएँ घट चुकी हैं, लेकिन अब तक पुल-पुलिया का निर्माण नहीं हुआ।

क्षेत्र के वरिष्ठ नेता दैनिक राम मंडावी ने बताया कि कई बार मुख्यमंत्री से लेकर जिला कलेक्टर तक अड़गड़ी, जरहीडीह, शोभा, बाघनाला में पुल निर्माण की मांग को लेकर गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। कभी पुल निर्माण स्वीकृत होने की बात कही जाती है तो कभी टेंडर प्रक्रिया की बात, लेकिन आजादी के 77 वर्षों बाद भी पुल निर्माण कार्य नहीं हो पाया है।

क्षेत्र के वरिष्ठ सरपंच दीनाचंद मरकाम ने बताया कि एक तरफ राज्य और केंद्र सरकार कहती है कि गाँव के विकास के लिए सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है, दूसरी ओर लोग वर्षों से पुल-पुलिया के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब भी आंदोलन करते हैं, सिर्फ आश्वासन मिलता है, उसके बाद कोई झाँक कर देखने वाला नहीं आता, जिसके चलते इस क्षेत्र का विकास थम गया है। श्री मरकाम ने यह भी बताया कि उच्च अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि भी इस क्षेत्र में बहुत कम आते हैं, जिसके चलते लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। क्षेत्र के युवा नेता पुरन मेश्राम ने बताया कि राजापड़ाव-गौरगाँव क्षेत्र के लगभग 50 से ज़्यादा पारा-टोला के साथ ओडिशा के लोगों का इस मार्ग से आना-जाना होता है। सड़क में पुल-पुलिया के अभाव में लोगों को बारिश के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण हमेशा अपनी मांगों को लेकर उच्च अधिकारियों तक समस्या से अवगत कराते हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं होना समझ से परे है।

---

# रजनकटा के मुक्तिधाम में लगाए गए छायादार और फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान एक पेड़ मां के नाम/" अभियान पर पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्पित होकर ग्राम रजनकटा के खेमलाल यादव प्रधान पाठक के द्वारा आज ग्राम रजनकटा के मुक्तिधाम परिसर मे 'हर पौधा बने पेड़, हर व्यक्ति बने प्रहरी' का संकल्प लेकर सामुहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इनके व अन्य नागरिकों के द्वारा बरगद, नीम, अमरूद और अशोक, के वृक्षो को सामूहिक रूप से लगाया गया। श्री खेमलाल यादव ने पर्यावरण संरक्षण हेतु समर्पित एक प्रेरणादायी पहल की है। इस अवसर पर रेखराम साहू जी नगर सैनिक ने कहा कि पेड़ लगाना हम सबकी जिम्मेदारी हैं ताकि गाँव हराभरा बना रहे साथ ही उसके संरक्षण हेतु ट्री गार्ड एवं उचित रख-रखाव की व्यवस्था कर उसको बड़ा करने की बात कही। हमें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर एक पेड़ माँ के नाम लगाकर धरती को हरा-भरा बनाना चाहिए ताकि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। यह अभियान निरंतर जारी रखने तथा दूसरों को प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर वेद प्रकाश यादव ने कहा की जिस प्रकार माँ अपने बच्चे को बड़ा करने तक पालन - पोषण करती हैं उसी प्रकार हमें भी अपने द्वारा लगाये गए वृक्षों का उचित देखभाल करना चाहिए। ताकि भावी पीढ़ी को शुद्ध वायु, पर्यावरण मिल सके। इस अवसर पर किशन कँडरा महामंत्री भाजपा मंडल गरियाबंद, खेमलाल यादव प्रधापाठक पूर्व माध्यमिक शाला अतरमरा, रेख राम साहू नगर सैनिक, डॉ श्रवण साहू, वेद प्रकाश यादव, डोमेन्द्र यादव, छबि राम ध्रुव, गिरवर साहू, गुलशन निषाद और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम तहत पौधा रोपण



राजिम। रविवार को जिले में गायत्री परिवार एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ माँ के नाम तहत पौधा रोपण किया। पौधा रोपण करने वालो में अशोक मिश्रा, मोहन साहू, श्यामलाल सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### इकाई बासीन द्वारा रोपे गए 163 पौधे



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर में जिला स्तरीय महाअभियान इकाई बासीन ने एक व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह अभियान शिक्षक और प्रांतीय वृक्षारोपण प्रभारी युवा प्रकोष्ठ के पूरन लाल साहू के विशेष मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से चलाया गया। रविवार को बासीन इकाई के अंतर्गत आने वाले 12 गांवों बरभाठा, बासीन, बोरसी, बहेरापाल, अरंड, बकली, रक्सा, हथखोज, परसदा जोशी, रावड़, दुतकईयाँ और पोखरा में कुल 163 पौधों का रोपण किया गया। इस महत्वपूर्ण पर्यावरण संरक्षण पहल में इकाई प्रमुख कोमल यादव, ब्लॉक समन्वयक टीकम सेन, युवा प्रकोष्ठ के कमलेश साहू, ब्लॉक वृक्षारोपण प्रभारी लोकेश साहू और उमेश साहू सहित समस्त गायत्री परिजन, स्कूली बच्चे, ग्रामीण नागरिक, और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे इन सभी पौधों की तब तक समर्पित भाव से देखभाल करेंगे, जब तक वे पूरी तरह से वृक्ष न बन जाएं। यह पहल सामुदायिक प्रतिबद्धता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# दुल्ला में संकुल स्तरीय शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



संकुल दुल्ला में संकुल स्तरीय शिक्षक शिक्षिकाए का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल क्षेत्र के सभी शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में संकुल समन्वयक रामेश्वर कंवर, रामलाल ताण्डे, विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप चन्द्राकार मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ ज्ञान के देवी मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ किया गया। मंच पर विराजमान सभी आमंत्रित अतिथियों का अक्षत व गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। संकुल समन्वयक रामलाल ताण्डे ने कहा कि जो शिक्षक शिक्षिकाए अपने स्कुलीय क्षेत्र में तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य किया है, उसे संकुल स्तरीय सम्मान दिया जाएगा। इस कड़ी में 2024 - 25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक दिलीप चन्द्राकार शाला टोनहीडबरी, शिक्षिका धर्मीन कंवर शाला केवटीझर को श्रीफल और मेमन्टो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामेश्वर कंवर ने कहा कि शिक्षक उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित होते हैं, जिसे विभिन्न प्रकार के पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा जाता है। इनमें राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, राज्य शिक्षक सम्मान, और स्कूल स्तर पर प्रशंसा समारोह शामिल हैं। ये सम्मान शिक्षकों के समर्पण और परिश्रम को मान्यता देते हैं, जिन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है और छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाया है। शिक्षक दिलीप चन्द्राकार ने अपने उद्बोधन में कहा ये सम्मान शिक्षकों को प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने काम में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शिक्षिका धर्मीन कंवर ने कहा शिक्षा के प्रति हम सबको मिलकर अपने अपने कार्य क्षेत्र में इमानदारी और लग्न से काम करना चाहिए, इसका फल आज नहीं तो कल जरूर मिलेगी। इसी कड़ी में शिक्षक चंदूलाल बघेल ने कहा अध्यापकों को इन शिक्षकों से सीख लेते हुए स्कूलों में बुनियादी शिक्षा पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल रहा। शिक्षक यादराम साहू ने कहा सम्मान पाकर शिक्षकों को बैठाना नहीं है, उन्हें और बेहतर काम करना होगा। इस दौरान संकुल क्षेत्र के सभी शिक्षक शिक्षिकाए को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक यादराम साहू ने की।

### खरोरा के शहीद स्मारक में पौधरोपण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत देश के स्वतंत्रता सेनानी प्रखर क्रांतिकारी और स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती के अमर सपूत बटुकेश्वर दत्त की जयंती पर पौधरोपण किया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, माया राम साहू, हरीश कुमार चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, राम प्यारे साहू, लक्ष्मीचंद्र दीवान, अरविंद कुमार साहू, अंजना चंद्राकरप्रणीत साहू, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रकाश बने जिला ईकाई अध्यक्ष

**गरियाबंद।** जिले के वरिष्ठ व्यापारी और सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले प्रकाश रोहरा को देश के सबसे बड़े व्यापारी संघ कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हे गरियाबंद जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद प्रवीण खंडेलवाल की सहमति से की गई है। उनके साथ निखिल साहू कोषाध्यक्ष और अजय नागदेव को महामंत्री मनोनीत किया गया है।



ज्ञात हो कि प्रकाश रोहरा को गरियाबंद के व्यापारिक जगत में एक अनुभवी, सशक्त और ईमानदार नेतृत्वकर्ता के रूप में जाना जाता है। वे कई वर्षों से गरियाबंद चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं का समाधान हुआ। विभिन्न सामाजिक व जनहित के कार्य भी हुए। व्यापारिक संगठनों में उनकी संगठनात्मक क्षमता और सक्रिय भूमिका हमेशा प्रशंसनीय रही है। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन एवं प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र सिंह ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि रोहरा के नेतृत्व में गरियाबंद इकाई और अधिक मजबूत, संगठित और व्यापारी हितैषी बनेगी। रोहरा का अनुभव संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। वही नव-नियुक्त अध्यक्ष प्रकाशचंद रोहरा ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। मैं व्यापारिक समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा। व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण, उनके अधिकारों की रक्षा एवं संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में हर संभव कार्य किया जाएगा।

**गोंड समाज की बैठक में विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी पर हुई चर्चा**

# बैठक में विश्व आदिवासी दिवस समारोह की बनी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अखिल भारतीय अमात गोंड समाज भाठीगढ़राज की कार्यकारिणी बैठक मैनपुरखुर्द में नवनिर्मित समाज भवन में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से समाज के नव-निर्मित भवन और आगामी विश्व आदिवासी दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि लगभग 40 लाख रुपये की लागत से यह समाज भवन बनकर तैयार हो चुका है। इस भवन के निर्माण में अमात गोंड समाज के प्रत्येक घर से एकत्रित की गई चंदा राशि के साथ-साथ अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ सयानागणों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। भवन में शौचालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।



बैठक में आगामी 9 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों पर भी गहन चर्चा की गई। सभी सदस्यों से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया, जिसमें महिलाएँ और पुरुष दोनों शामिल होंगे। इस बैठक में गुजरात कमलेश (अध्यक्ष, अखिल भारतीय अमात गोंड समाज भाठीगढ़राज), गौकरण ध्रुर्वा (उपाध्यक्ष), खेदुनेगी, प्रेमसाय जगह, टीकमसिंह कपिल, सुंदरसिह कपिल, कन्हैयालाल ठाकुर, खोलुराम कोमर्रा, मुकेश कपिल, छबीलाल दीवान, उदेराम नेताम, डाकेश नेगी, केशव मरकाम, लखन मरकाम, रोहन मरकाम, पवन दीवान, ईश्वर नागेश, गुमानसिह नेताम, अभिराम नागेश, चंदनसिंह नेताम, घनश्याम नागेश, लोकेश साण्डे, लोकेश नागेश, प्रियंका कपिल, डिगेश्वरी साण्डे, दुलेश्वरी नागेश, ताराबाई मरकाम, देवकुवर मरकाम, सुखराम नागेश, केजुराम नागेश, नीरा कपिल, दयाबाई, श्रीमती कोमर्रा, सुखराम नागेश, महेंद्र फरस, रामेश्वर कपिल, सोहन नागेश सहित तेरह सर्कल के स्यानागण, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्य और सैकड़ों की संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

